EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

कारोबार

सूर्या स्टार शेफ सीजन-2 का हुआ समापन, स्पाइस स्क्वाड बनी विजेता

प्रकाशित तिथि: 22 Nov 2026



ग्वालियर। सूर्या रोशनी लिमिटेड ने अपनी मालनपुर इकाई में रविवार को सूर्या स्टार शेफ के दूसरे सीजन का सफलतापूर्वक समापन किया। इस पहल में चैनल पार्टनर्स और उनके परिवार के सदस्यों की 10 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें खाना पकाने की रचनात्मकता, पारिवारिक जुड़ाव और आपसी एकजुटता का जश्न मनाया। सभी 10 टीमों में स्पाइस स्क्वाड विजेता रही।

पहले संस्करण में सूर्या के कर्मचारियों और उनके परिवारों को सम्मानित किया गया था। दूसरे सीजन में इसका विस्तार करते हुए चैनल पार्टनर्स और उनके परिवारों को भी शामिल किया गया। प्रतिभागियों को एक जीवंत मंच मिला, जहां उन्होंने अपने खाना पकाने के कौशल, रचनात्मकता और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम श्स्पाइस स्क्वाडश् ने असाधारण पाक कला प्रतिभा, रचनात्मकता और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। श्स्पाइस क्वींसश् दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि द टेस्ट ऑफ टाइटन्स तीसरे स्थान पर रहीं। सभी टीमों ने सूर्या के होम एंड किचिन अप्लायंसेज का उपयोग करके व्यंजन तैयार किए, जिससे उन्हें इन उपकरणों की कार्यक्षमता और रोजमर्रा के उपयोग का प्रत्यक्ष अनुभव

मलिा।

इस पहल के सफल समापन पर सूर्या रोशनी लमिटिेड के चेयरमैन पद्मश्री जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि सूर्या में हमारा मानना है कि हमारे रश्ति भरोसे, साझा अनुभवों और अपनापन की गहरी भावना पर टकि हैं। सूर्या स्टार शेफ इसी सोच का वस्तिार है। इसका दूसरा सीजन खास रहा, क्योंकि इसने हमारे चैनल पार्टनर्स और उनके परविारों को एक मंच पर इकट्ठा कयिा। हम इसे एक सार्थक और नयिमति मंच के रूप में वकिसति करना चाहते हैं। भडि के चैनल पार्टनर राजेश कुमार और अनुज कुमार ने कहा, सूर्या स्टार शेफ का हस्सिा बनना हमारे और हमारे परविारों के लिए एक यादगार अनुभव रहा। इस इवेंट ने हमें कंपनी के होम एंड कचिन अप्लायंसेज को खुद आजमाने के साथ-साथ सूर्या की टीम के साथ बातचीत का मौका दयिा। कंपनी अपने चैनल पार्टनर्स को परविार की तरह मानती है।

टैग: #business news #surya roshni limited #good news #vasumitra pandey #jayprakash agrawal